Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/09/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | PRIMARY TEACHER and PRIMARY RAILWAY TEACHER |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** **घर-स्कूल का असांतत्य (discontinuity) तब होता है जब ______।**

**Ans**
✗ A. स्कूल और घर की संस्कृति एक जैसी होती है
✗ B. बालकों को घर और स्कूल दोनों जगह स्वतंत्र होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है
✓ C. घर और स्कूल के विशिष्टाचार (ethos), प्रतिमानक या भाषा के बीच अंतर होता है
✗ D. छोटे बालक की घर पर सबसे अधिक देखभाल की जाती है

**Q.2** **विद्यालय सभा सबसे अधिक प्रभावी तब होती है जब यह:**

**Ans**
✓ A. विद्यार्थियों के बीच नैतिक मूल्यों और सामूहिक पहचान को बढ़ावा देती है।
✗ B. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों के मनोरंजन पर पूरी तरह केंद्रित होती है।
✗ C. केवल प्रशासनिक निर्देश देने के लिए एक मंच के रूप में उपयोग की जाती है।
✗ D. कक्षा शिक्षण-अधिगम प्रथाओं के प्रतिस्थापन के रूप में कार्य करती है।

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, समकक्षी अवलोकन (peer observation) को दर्शाता है?**

**Ans**
✓ A. अवलोकन करने वाला और अंतर्दृष्टि साझा करने वाला सहकर्मी
✗ B. पाठ योजना की जाँच करने वाला प्रशासक
✗ C. कक्षा में बच्चों का अवलोकन करते माता-पिता
✗ D. शिक्षण शैली का मूल्यांकन करने वाला निरीक्षक

**Q.4** **किसी विविध कक्षा में कोई रचनावादी शिक्षक, मुख्यतः ______________________ समावेशिता सुनिश्चित करता है।**

**Ans**
✓ A. शिक्षार्थियों को विविध सांस्कृतिक अनुभवों के माध्यम से अर्थ निर्माण करने की अनुमति देकर
✗ B. उपलब्धि मापने के लिए केवल मानकीकृत परीक्षण का उपयोग करके
✗ C. सबसे कमजोर शिक्षार्थी के अनुरूप पाठ्यचर्या की विषय-वस्तु को कम करके
✗ D. सभी शिक्षार्थियों को समान विषय-वस्तु और कार्य प्रदान करके

**Q.5** **एक शिक्षक मिश्रित-योग्यता वाली कक्षा में दीर्घकालिक अधिगम को अधिकतम करना चाहता है। कौन-सी युक्ति सबसे प्रभावी है?**

**Ans**
✓ A. मूल्यांकन और सहयोग के साथ स्कैफोल्डेड, अनुक्रमित
✗ B. एक व्याख्यान, न्यूनतम अन्तः क्रिया
✗ C. बिना मार्गदर्शन के व्यापक व्यक्तिगत पठन
✗ D. रटाकर याद कराना और बार-बार परीक्षण लेना

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** एक ग्रामीण प्राथमिक विद्यालय का NEP 2020 के अंतर्गत ग्रेड 3 तक FLN का लक्ष्य है। पाठ्यपुस्तकों से परे वचनबद्धता और संप्रत्ययात्मक बोध सुनिश्चित करने के लिए, किस शिक्षणशास्त्र को अपनाया जाना चाहिए?

**Ans**
- ✗ A. मानकीकृत कार्यपत्रक (Standardised worksheets)
- ✗ B. रटन कंठस्थीकरण (Rote memorisation)
- ✓ C. अनुभवात्मक अधिगम (Experiential learning)
- ✗ D. शिक्षात्मक अनुदेश (Didactic instruction)

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सार्वजनिक शिक्षा में ICT की भूमिका को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

**Ans**
- ✗ A. ICT, सीमित दायरे में कक्षा शिक्षण तक ही सीमित है।
- ✗ B. ICT का उपयोग मुख्यतः भविष्य में उपयोग के लिए ऐतिहासिक आंकड़ों के भंडारण के लिए किया जाता है।
- ✓ C. ICT, मीडिया के माध्यम से बहुत से व्यक्तियों को शीघ्र शिक्षा प्रदान करता है।
- ✗ D. ICT, शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों की आवश्यकता को समाप्त कर देता है।

**Q.8** भारतीय शिक्षा प्रणाली के NEP 2020 की मूल दृष्टि यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। सभी अधिगमकर्ताओं के लिए इस व्यापक उद्देश्य का मूल सिद्धांत क्या है?

**Ans**
- ✗ A. मानकीकृत पाठ्यक्रम
- ✗ B. चयनात्मक अभिगम
- ✗ C. अनन्य मार्ग
- ✓ D. समतामूलक समावेशन

**Q.9** एक कॉलेज का विद्यार्थी किसी भ्रातृत्व (fraternity) में शामिल होता है और संगठन के विशिष्ट रीति-रिवाजों, नियमों और इतिहास को सीखता है। इस प्रक्रिया को सर्वोत्तम ढंग से क्या कहा जा सकता है?

**Ans**
- ✗ A. प्राथमिक समाजीकरण
- ✗ B. प्रच्छन्न पाठ्यचर्या
- ✓ C. द्वितीयक समाजीकरण
- ✗ D. पुन: समाजीकरण

**Q.10** स्कूलों में परामर्श की व्यवस्था करते समय, कौन-सा विचार सर्वाधिक आवश्यक है?

**Ans**
- ✗ A. परामर्श को केवल उच्च प्रदर्शन करने प्राप्त विद्यार्थियों तक सीमित रखना
- ✗ B. जागरूकता के लिए विद्यार्थियों की समस्याओं को सार्वजनिक रूप से साझा करना
- ✗ C. सभी विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन परामर्श अनिवार्य बनाना
- ✓ D. विद्यार्थी और परामर्शदाता के बीच गोपनीयता और विश्वास

**Q.11** आधुनिक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में, विद्यार्थियों से कौन-सी प्राथमिक भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है?

**Ans**
- ✓ A. सक्रिय शिक्षार्थी
- ✗ B. सूचना प्राप्तकर्ता
- ✗ C. निष्क्रिय श्रोता
- ✗ D. आज्ञाकारी अनुयायी

**Q.12** आसन्न विकास क्षेत्र (Zone of Proximal Development) का अर्थ क्या होता है?

**Ans**
- ✗ A. एक बालक अकेले क्या कर सकता है
- ✗ B. एक बालक क्या नहीं सीख सकता है
- ✗ C. एक बालक, स्मृति द्वारा क्या सीखता है
- ✓ D. एक बालक, सहायता से क्या कर सकता है

Q.13 निःशक्तता को एक सामाजिक संरचना के रूप में संबोधित करने के लिए स्कूलों में प्रयुक्त सबसे अधिक समावेशी पद्धति निम्नलिखित में से कौन-सी है?

Ans
- ✗ A. विशिष्ट उपचार केंद्र
- ✓ B. अधिगम उपागमों के लिए सार्वत्रिक डिजाइन
- ✗ C. पृथक अधिगम परिवेश
- ✗ D. नैदानिक उपागम

Q.14 विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने में मार्गदर्शन और परामर्श का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. शैक्षणिक श्रेणीकरण (Academic grading)
- ✗ B. अनिवार्य व्यवहार (Mandating behaviour)
- ✗ C. पाठ्यचर्या योजना (Curriculum planning)
- ✓ D. समग्रात्मक विकास (Holistic development)

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, किसी अकादमिक विद्याशाखा के अभिलक्षण को निरूपित नहीं करता है?

Ans
- ✓ A. मुख्यतः सामान्य ज्ञान संबंधी व्याख्याओं पर निर्भर होना
- ✗ B. शोध से संबंधित, विशिष्ट पदावली का उपयोग करना
- ✗ C. विशेषज्ञ ज्ञान का एक निकाय निर्मित करना
- ✗ D. शोध का एक निश्चित उद्देश्य होना

Q.16 विद्यालयों में रचनांतरणपरक नेतृत्व (Transformational leadership) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. प्रशासन में व्यवस्था और नियंत्रण बनाए रखना
- ✗ B. सरकारी विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना
- ✗ C. शिक्षक सहायकों को छोटे-मोटे कार्य सौंपना
- ✓ D. दृष्टिकोण और अभिप्रेरणा के माध्यम से परिवर्तन को प्रेरित करना

Q.17 अनुदेशी योजना में पाठ के उद्देश्यों को व्यापक दक्षताओं और पाठ्यचर्या लक्ष्यों से स्पष्ट रूप से जोड़ने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. शिक्षण विधियों का मानकीकरण
- ✗ B. आकलन रिपोर्टिंग सुव्यवस्थित करना
- ✓ C. निर्धारित अधिगम मानकों को प्राप्त करना
- ✗ D. प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करना

Q.18 कौन-सा मूल सिद्धांत मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्कूल शिक्षा प्रणाली के 5 + 3 + 3 + 4 डिजाइन में पुनर्गठन का नेतृत्व करता है?

Ans
- ✗ A. वैश्विक बेंचमार्किंग
- ✗ B. आर्थिक दक्षता
- ✗ C. शिक्षक विशिष्टीकरण
- ✓ D. बाल विकास

Q.19 एक लीडर जो स्कूल सुधार के साझा दृष्टिकोण बनाकर और सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रेरित करके शिक्षकों को प्रोत्साहित करता है, वह निम्नलिखित में से किसका अभ्यास कर रहा है?

Ans
- ✗ A. अनुदेशनात्मक प्रबंधन (Instructional management)
- ✗ B. समव्यवहार नेतृत्व (Transactional leadership)
- ✗ C. सविमर्श अभ्यास (Reflective practice)
- ✓ D. परिवर्तनकारी नेतृत्व (Transformational leadership)

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | प्रभावी पूर्णतावादी विकास के लिए, शिक्षा में माता-पिता और शिक्षकों का प्राथमिक बल किस पर होता है? | |
| Ans | ✔ A. सहभागी सहयोग<br>✗ B. शैक्षणिक ग्रेडिंग<br>✗ C. प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धि<br>✗ D. मानकीकृत पाठ्यचर्या | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | रचनावादी शिक्षण में, अनुचिंतन और कथोपकथन (reflections and dialogues) मुख्यतः किस उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाते हैं? | |
| Ans | ✗ A. बिना संदर्भ के विद्यार्थियों को तथ्य याद कराने हेतु<br>✗ B. गतिविधियों के स्थान पर रटे हुए का लिखित अभ्यास करवाने हेतु<br>✔ C. शिक्षार्थियों को ज्ञान की सह-रचना करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु<br>✗ D. कक्षा में शांति और अनुशासन बनाए रखने हेतु | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | एक स्कूल सहपाठियों के मध्य संघर्षों और अनुपस्थितता को दूर करने के लिए विद्यार्थी-नेतृत्व वाले क्लब और उपबोधन की योजना बनाता है। कौन-सा सिद्धांत इसको सर्वोत्तम रूप से सपोर्ट करता है? | |
| Ans | ✗ A. पाठ्येतर गतिविधियाँ शैक्षणिक एकाग्रता को कम करती हैं।<br>✔ B. सामाजिक सहभागिता, पहचान और स्वायत्तता का निर्माण करती है।<br>✗ C. संज्ञानात्मक विकास केवल शिक्षक के निर्देश पर निर्भर करता है।<br>✗ D. सहपाठियों के कम संपर्क से दबाव नहीं होता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | एक शिक्षक दीर्घकालिक लक्ष्यों और दैनिक कक्षा शिक्षण के बीच संरेखण सुनिश्चित करना चाहता है। अनुदेशात्मक योजनाओं का कौन-सा अनुक्रम, सही पदानुक्रम दर्शाता है? | |
| Ans | ✗ A. वार्षिक योजना → पाठ योजना → इकाई योजना<br>✔ B. वार्षिक योजना → इकाई योजना → पाठ योजना<br>✗ C. पाठ योजना → इकाई योजना → वार्षिक योजना<br>✗ D. इकाई योजना → वार्षिक योजना → पाठ योजना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, विकासात्मक कार्य को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है? | |
| Ans | ✔ A. जीवन के किसी विशेष चरण में उत्पन्न होने वाला एक कार्य<br>✗ B. आनुवंशिक रूप से विरासत में मिला एक गुण<br>✗ C. समाज द्वारा अधिरोपित एक चुनौती<br>✗ D. विद्यालय में सिखाया जाने वाला एक कौशल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | बाल्यावस्था और वयस्कता के बीच संक्रमण काल (transitional period) को कौन-सा शब्द परिभाषित करता है? | |
| Ans | ✗ A. यौवनारंभ (Puberty)<br>✗ B. शैशवावस्था (Infancy)<br>✔ C. किशोरावस्था (Adolescence)<br>✗ D. वयस्कता (Adulthood) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | निम्नलिखित में से कौन-सा, रचनांतरणपरक नेतृत्व (transformational leadership) का प्रमुख कार्य है? | |
| Ans | ✗ A. नवाचारों की उपेक्षा करके शिक्षकों का कार्यभार कम करना<br>✗ B. विद्यालय के निर्णयों में सहभागिता से बचना<br>✗ C. केवल प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता देना<br>✔ D. लक्ष्यों पर व्यापक रूप से साझा दृष्टि और सर्वसम्मति विकसित करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.27 | स्पष्ट पाठ्यचर्या (overt curriculum) मुख्यतः निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करती है? | |
| Ans | ✗ A. कक्षा में सीखे गए अनभिप्रेत सामाजिक मूल्य<br>✗ B. कक्षा के बाहर पाठ्येतर गतिविधियाँ<br>✔ C. आधिकारिक और औपचारिक रूप से प्रलेखित अधिगम योजना<br>✗ D. विद्यार्थी की अपनी व्यक्तिगत विषय-वस्तु व्याख्याएँ | |

Q.28 मापन के प्रथम चरण में, वास्तव में क्या मापा जाता है?

Ans
- ✗ A. शिक्षक का व्यवहार
- ✗ B. व्यक्ति के आसपास का परिवेश
- ✓ C. किसी व्यक्ति/वस्तु का गुण या विशेषता
- ✗ D. व्यक्ति प्रत्यक्षतः

Q.29 कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है कि विकास, सतत है?

Ans
- ✓ A. पूर्ववर्ती कौशल, उत्तरवर्ती योग्यताओं को प्रभावित करते हैं।
- ✗ B. यौवनारंभ के समय वृद्धि प्रवेग (Growth spurt) होता है।
- ✗ C. सभी बालक समान दर से विकसित होते हैं।
- ✗ D. अधिगम, आनुवंशिकता का स्थान ले लेता है।

Q.30 पियाजे (Piaget) के अनुसार, किस चरण में मूर्त घटनाओं के संबंध में तार्किक चिंतन शामिल होता है लेकिन अमूर्त तर्क शामिल नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. संवेदीप्रेरक (Sensorimotor)
- ✗ B. पूर्व-संक्रियात्मक (Preoperational)
- ✗ C. औपचारिक संक्रियात्मक (Formal operational)
- ✓ D. मूर्त संक्रियात्मक (Concrete operational)

Q.31 एरिक्सन के अनुसार, किशोरावस्था के दौरान कौन-सा विकासात्मक कार्य सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. अंतरंगता बनाम अलगाव (Intimacy vs. isolation)
- ✗ B. स्वायत्तता बनाम शर्म (Autonomy vs. shame)
- ✗ C. विश्वास बनाम अविश्वास (Trust vs. mistrust)
- ✓ D. पहचान बनाम भूमिका भ्रम (Identity vs. role confusion)

Q.32 अनुदेशात्मक संसाधनों के चयन में किस सिद्धांत का मार्गदर्शन होना चाहिए?

Ans
- ✗ A. शिक्षक-केंद्रित सामग्री वितरण को अपनाना
- ✓ B. अधिगम उद्देश्यों और शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के साथ संरेखण
- ✗ C. न्यूनतम तैयारी की आवश्यकता वाले संसाधनों पर निर्भरता
- ✗ D. उपलब्ध सबसे अधिक उन्नत प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता

Q.33 किशोरकालीन स्वास्थ्य में निवेश (Investing) से __________ को कम करने में सहायता प्राप्त होती है।

Ans
- ✓ A. किशोरकालीन अस्वस्थता और मृत्यु दर दोनों
- ✗ B. केवल किशोरकालीन अस्वस्थता
- ✗ C. केवल वयस्क मृत्यु दर
- ✗ D. न ही अस्वस्थता और न ही मृत्यु दर

Q.34 एक विद्यालय प्रमुख शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ वर्कशॉप का आयोजन करता है जिससे कि एक साझा दीर्घकालिक दृष्टिकोण तैयार किया जा सके, मापनीय लक्ष्य निर्धारित किए जा सकें और निरंतर सुधार के लिए संसाधनों का समन्वय किया जा सके। यह क्या दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. दृष्टिकोण निर्माण और रणनीतिक विद्यालय विकास
- ✗ B. नियमित प्रशासनिक नियोजन
- ✗ C. संव्यवहार लक्ष्य प्रवर्तन
- ✗ D. अल्पकालिक कार्य प्रबंधन

Q.35 शिक्षक को प्रत्येक शिक्षार्थी की सटीक प्रोफाइल क्यों रखनी चाहिए?

Ans
- ✗ A. यह तय करने के लिए कि कौन-से विद्यार्थी पुरस्कार के पात्र हैं
- ✗ B. शिक्षक का कार्यभार कम करने के लिए
- ✗ C. शिक्षार्थी की तुलना एक-दूसरे से करने के लिए
- ✓ D. उपचारात्मक और अतिरिक्त शिक्षा की योजना प्रभावी ढंग से बनाने के लिए

Adda247

Q.36 स्कीमा (schema) क्या है?

Ans
- ✗ A. एक स्थिर और अपरिवर्तनीय मानसिक छवि
- ✗ B. एक नियम, जो केवल संख्याओं को परिभाषित करता है
- ✓ C. किसी संकल्पना का मानसिक मानचित्र
- ✗ D. स्मरण रखने योग्य व्यवहारों की एक सूची

Q.37 परिवार को समाजीकरण का प्राथमिक कारक माना जाता है। यह पदनाम मूलतः बच्चे के प्रारंभिक जीवन पर इसके अनूठे और व्यापक प्रभाव पर आधारित है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बच्चे के सामाजिक विकास में परिवार के प्रमुख योगदान का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. मौलिक मूल्यों का संचार करना
- ✗ B. व्यावसायिक करियर पथ प्रस्तुत करना
- ✗ C. औपचारिक समूह गतिविधियों को सुगम बनाना
- ✗ D. उन्नत शैक्षणिक कौशल प्रदान करना

Q.38 मध्य बाल्यावस्था का प्राथमिक विकासात्मक कार्य क्या होता है?

Ans
- ✗ A. केवल परिवार से स्वतंत्रता
- ✗ B. केवल किशोरावस्था की चुनौतियों के लिए तैयारी
- ✗ C. तीव्र शारीरिक वृद्धि
- ✓ D. व्यक्तिगत और सामाजिक संदर्भ में एकीकरण

Q.39 निम्नलिखित में से कौन-सा, किशोरावस्था के दौरान अपनाए गए स्वास्थ्य व्यवहार का एक उदाहरण है जो बाद के जीवन को प्रभावित करता है?

Ans
- ✓ A. तंबाकू का उपयोग
- ✗ B. मलेरिया संक्रमण
- ✗ C. मोटापा
- ✗ D. फ्लू टीकाकरण

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पाठ्यक्रम को पाठ्यचर्या से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?

Ans
- ✗ A. पाठ्यक्रम विधियों पर केंद्रित होता है, पाठ्यचर्या विधियों की उपेक्षा करती है
- ✗ B. पाठ्यक्रम में लक्ष्य शामिल होते हैं, पाठ्यचर्या में लक्ष्य शामिल नहीं होते हैं
- ✓ C. पाठ्यक्रम विषय-विशिष्ट है, पाठ्यचर्या व्यापक है
- ✗ D. पाठ्यक्रम मूल्यांकन से संबंधित है, पाठ्यचर्या मूल्यांकन को शामिल नहीं करती है

Q.41 शिक्षण-अधिगम क्रियाकलापों में नियोजना (planning) क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. पाठ्यपुस्तकों को प्रतिस्थापित करने के लिए
- ✗ B. गृहकार्य से बचने के लिए
- ✓ C. दिशा-निर्देश और स्पष्ट लक्ष्य प्रदान करने के लिए
- ✗ D. परीक्षाओं को कम करने के लिए

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा, विकास में वैयक्तिक भिन्नता को दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. कौशल, निश्चित आयु में दिखाई देते हैं।
- ✓ B. दर और क्षमता, प्रत्येक बालक के लिए अलग-अलग होती है।
- ✗ C. सभी बालक समान लक्ष्य का अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. पैटर्न केवल आनुवंशिकता पर निर्भर करते हैं।

Q.43 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, किशोरों के लिए समुचित संस्थागत सहायता में निम्नलिखित में से क्या शामिल होना चाहिए?

Ans
- ✓ A. मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ, जीवन कौशल शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी
- ✗ B. व्यावसायिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान
- ✗ C. न्यूनतम पाठ्येतर गतिविधियों के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता
- ✗ D. सीमित सहकक्षी संपर्क के साथ कठोर अनुशासन

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.44 स्कूल को 'लघु समाज (miniature society)' क्यों कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. क्योंकि शिक्षक माता-पिता के विकल्प के रूप में कार्य करते हैं
- ✗ B. क्योंकि यह केवल शैक्षणिक अधिगम पर केंद्रित होता है
- ✓ C. क्योंकि विविध पृष्ठभूमि के बालक समाज के साथ समायोजन करना सीखते हैं
- ✗ D. क्योंकि यह बड़े समाज के नियमों का अनुकरण करता है

Q.45 एक शिक्षक वांछित कक्षागत व्यवहारों को आकार देने के लिए पुनर्बलन अनुसूचियों (reinforcement schedules) का उपयोग करता है। यह किस अभ्यास को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. सामाजिक रचनावाद
- ✗ B. संज्ञानवाद
- ✗ C. अधिसंज्ञान
- ✓ D. व्यवहारवाद

Q.46 कक्षा में विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से सीखने के लिए प्रेरित करने हेतु आधारभूत अवयव क्या माना जाता है?

Ans
- ✓ A. शिक्षक-विद्यार्थी विश्वास
- ✗ B. प्रतिस्पर्धी ग्रेडिंग
- ✗ C. कठोर पाठ्यचर्या
- ✗ D. औपचारिक आकलन

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सा, विद्यालयों में उपबोधन का मुख्य कार्य नहीं है?

Ans
- ✗ A. विद्यार्थियों के आत्म-अवगाहन को बढ़ावा देना
- ✗ B. तात्कालिक समस्याओं के लिए संकट-हस्तक्षेप
- ✗ C. सहपाठियों के बीच पारस्परिक कौशल संवर्धन
- ✓ D. सख्त अनुशासन नीतियाँ लागू करना

Q.48 वितरित नेतृत्व (distributed leadership) का अभ्यास करने वाला प्रधान शिक्षक, मुख्यतः _________________।

Ans
- ✗ A. शिक्षकों को निर्णय लेने से दूर रखता है
- ✓ B. विकेंद्रीकृत भूमिकाओं के माध्यम से शिक्षण स्टॉफ के साथ नेतृत्व साझा करता है
- ✗ C. सभी निर्णयों को केंद्रीकृत करता है
- ✗ D. उत्तरदायित्वों के प्रत्यायोजन से बचता है

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, अधिगम के लिए आकलन को अधिगम के रूप में आकलन से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?

Ans
- ✗ A. अधिगम के लिए आकलन ग्रेडिंग पर बल देता है, जबकि अधिगम के रूप में आकलन प्रत्यायन (accreditation) पर बल देता है
- ✗ B. अधिगम के लिए आकलन बाह्य होता है, जबकि अधिगम के रूप में आकलन केवल शिक्षक-केंद्रित होता है
- ✗ C. अधिगम के लिए आकलन प्रदर्शन को प्रमाणित करता है, जबकि अधिगम के रूप में आकलन विद्यार्थियों को रैंक देता है
- ✓ D. अधिगम के लिए आकलन अनुदेश का मार्गदर्शन करता है, जबकि अधिगम के रूप में आकलन अधि-संज्ञान का निर्माण करता है

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-से मूल्य, एक बालक मुख्यतः परिवार में सीखता है?

Ans
- ✗ A. आर्थिक स्वतंत्रता (Economic independence)
- ✗ B. वैज्ञानिक ज्ञान और तर्क (Scientific knowledge and reasoning)
- ✓ C. सहयोग, सहिष्णुता और प्रेम जैसे आंतरिक मूल्य (Core values like cooperation, tolerance, and love)
- ✗ D. अनुशासन और समय बद्धता (Discipline and punctuality)

Section : **General Ability**

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'song card flash' को 'ng nr ic' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'card king tent' को 'tf ma nr' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'card' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans
- ✗ A. ng
- ✗ B. tf
- ✗ C. ic
- ✓ D. nr

Q.52 0.55 और 125 का माध्यानुपात (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7.8
- ✗ B. 8.9
- ✗ C. 7.2
- ✓ D. 8.3

Q.53 'संतोष ट्रॉफी' नामक राष्ट्रीय चैंपियनशिप किस खेल से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. गोल्फ
- ✓ B. फुटबॉल
- ✗ C. क्रिकेट
- ✗ D. हॉकी

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सा UN सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (Sustainable Development Goal) विशेष रूप से 'क्लाइमेट एक्शन (Climate Action)' को लक्षित करता है?

Ans
- ✗ A. SDG 10
- ✗ B. SDG 5
- ✓ C. SDG 13
- ✗ D. SDG 17

Q.55 एक टंकी में पाइप P और Q लगे हैं, जो इसे क्रमशः 8 और 12 घंटे में भर सकते हैं, तथा पाइप R इसे 24 घंटे में खाली कर सकता है। शुरुआत में टंकी एक-तिहाई भरी हुई है। पाइप P और R को एक साथ 2 घंटे की लिए खोला जाता हैं। फिर, पाइप P को बंद कर दिया जाता है, तथा पाइप Q (R के साथ) 3 घंटे तक खोला जाता है। अंत में, तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं। टंकी को पूरी तरह से भरने में लगने वाला कुल समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $8\frac{1}{2}$ घंटे
- ✗ B. 8 घंटे
- ✓ C. $7\frac{1}{4}$ घंटे
- ✗ D. $6\frac{1}{2}$ घंटे

Q.56 निम्नलिखित में से किस अधिनियम/एक्ट ने निदेशक मंडल को वाणिज्यिक मामलों का प्रबंधन करने की अनुमति दी, लेकिन राजनीतिक मामलों के प्रबंधन के लिए नियंत्रण बोर्ड नामक एक नया निकाय बनाया?

Ans
- ✗ A. 1813 का चार्टर एक्ट
- ✗ B. 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट
- ✓ C. 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट
- ✗ D. 1793 का चार्टर एक्ट

Q.57 निम्नलिखित में से किस विद्रोह को बंगाल में ब्रिटिश सत्ता के लिए पहली बड़ी चुनौती माना जाता है?

Ans
- ✗ A. नील विद्रोह (1859-60)
- ✗ B. मोपला विद्रोह (1921)
- ✓ C. संन्यासी विद्रोह (1763-1800)
- ✗ D. संथाल विद्रोह (1855-56)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.58 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं, केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) @ 5 2 & % 1 Ω 4 # 9 7 8 $ 2 ^ 8 ! 3 6 * (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएं से सातवां होगा?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 7
- ✗ C. 4
- ✓ D. 9

Q.59 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) D J A T L N F M U Q P W A E B X C Z A S E (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी स्वरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से पांचवां होगा?

Ans
- ✗ A. X
- ✓ B. B
- ✗ C. N
- ✗ D. W

Q.60 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(12, 25, 39)
(17, 35, 49)

Ans
- ✗ A. (21, 53, 67)
- ✗ B. (7, 15, 39)
- ✓ C. (25, 51, 65)
- ✗ D. (5, 11, 15)

Q.61 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, D के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है। A के बायीं ओर से गिनने पर, A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और P के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, Q के ठीक दायीं ओर पड़ोस में बैठा है।
Q के दायीं ओर से गिनने पर, D और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

Q.62 कथन (I) और कथन (II) से चिह्नित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य विकल्प का चयन कीजिए।

कथन I: कोलॉइड के कण पूरे विलयन में एक समान रूप से प्रसारित होते हैं।
कथन II: कोलॉइडी विलयन एक विषमांगी मिश्रण होता है, उदाहरण के लिए, दूध।

Ans
- ✗ A. दोनों कथन असत्य हैं।
- ✓ B. दोनों कथन सत्य हैं।
- ✗ C. कथन I सत्य है, लेकिन कथन II असत्य है।
- ✗ D. कथन I असत्य है, लेकिन कथन II सत्य है।

Adda247

Q.63 निषेचन के बाद, फूल का अंडाशय ______ में विकसित होता है, और बीजांड ______ में विकसित होता है।

Ans
- ✗ A. प्ररोह, मूल
- ✓ B. फल, बीज
- ✗ C. बीज, प्ररोह
- ✗ D. मूल, फल

Q.64 एक दुकानदार ने एक टेलीविजन ₹18,000 में खरीदा, उसने परिवहन और मरम्मत पर ₹2,000 खर्च किए तथा उसे ₹25,000 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 20%
- ✗ B. 35%
- ✓ C. 25%
- ✗ D. 30%

Q.65 जब श्वेत प्रकाश किसी प्रिज्म से होकर गुजरता है, तो आपतित किरण के सापेक्ष कौन-सा रंग सर्वाधिक विचलित होता है?

Ans
- ✗ A. लाल
- ✓ B. बैंगनी
- ✗ C. नीला
- ✗ D. हरा

Q.66 शब्द VOYAGE में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✗ A. P
- ✗ B. X
- ✗ C. B
- ✓ D. F

Q.67 निम्नलिखित में से किस प्रकार के पोल्ट्री (poultry) को विशेष रूप से मांस उत्पादन के लिए पाला और बड़ा किया जाता है?

Ans
- ✓ A. ब्रॉयलर (Broilers)
- ✗ B. अंडा देने वाली मुर्गी (Layers)
- ✗ C. मुर्गी (Hens)
- ✗ D. घरेलू मुर्गी (Pullets)

Q.68 किसी दिए गए स्थान पर वस्तु के भार और उसके द्रव्यमान के बीच संबंध के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. द्रव्यमान परिवर्तित होता है, लेकिन भार समान रहता है।
- ✗ B. भार, द्रव्यमान के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
- ✗ C. भार और द्रव्यमान में कोई संबंध नहीं होता है।
- ✓ D. भार, द्रव्यमान के अनुक्रमानुपाती होता है।

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FROG' को '5632' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GROW' को '2385' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'W' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 8
- ✗ C. 6
- ✗ D. 3

Adda247

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SWE LPX EIQ XBJ ?

Ans
- ✗ A. QER
- ✓ B. QUC
- ✗ C. QRC
- ✗ D. QCE

Q.71 अंत:श्वसन के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया होती है?

Ans
- ✗ A. वक्ष-गुहा सिकुड़ जाती है।
- ✗ B. पसलियां (ribs) नीचे की ओर खिसक जाती हैं और डायाफ्राम गुम्बद के आकार का हो जाता है।
- ✗ C. पसलियां स्थिर रहती हैं और डायाफ्राम ऊपर की ओर संकुचित होता है।
- ✓ D. पसलियां ऊपर उठती हैं और डायाफ्राम चपटा हो जाता है।

Q.72 अगस्त 2025 में, दिल्ली की किस अदालत ने आठ सप्ताह के भीतर दिल्ली-NCR के सभी आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश पारित किया?

Ans
- ✓ A. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय
- ✗ B. पटियाला हाउस न्यायालय
- ✗ C. दिल्ली उच्च न्यायालय
- ✗ D. तीस हजारी न्यायालय

Q.73 किसी दिए गए माध्यम के लिए, एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 3 kHz और तरंगदैर्ध्य 15 cm है। 9 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 25 सेकंड
- ✗ B. 18 सेकंड
- ✗ C. 15 सेकंड
- ✓ D. 20 सेकंड

Q.74 जून-जुलाई 2025 में, किस भारतीय नौसेना जहाज (INS) से एक्सटेंडेड रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट (ERASR) के उपयोगकर्ता परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए?

Ans
- ✗ A. INS उदयगिरि
- ✓ B. INS कवरत्ती
- ✗ C. INS नीलगिरि
- ✗ D. INS हिमगिरी

Q.75 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 ÷ 4 × 8 = ?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 24
- ✗ C. 40
- ✗ D. 32

Q.76 शरीर के वृद्धि को नियंत्रित करने वाले हार्मोन की कमी के कारण किसी बच्चे की विलंबित वृद्धि और छोटा कद है। कौन-सी ग्रंथि संभवतः इस हार्मोन का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर रही है?

Ans
- ✓ A. पीयूषिका (Pituitary)
- ✗ B. अग्न्याशय (Pancreas)
- ✗ C. अवटु (Thyroid)
- ✗ D. अधिवृक्क (Adrenal)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.77 औद्योगिक और वाणिज्यिक हरित पट्टी किस प्रकार के वानिकी के उदाहरण हैं?

Ans
- ✗ A. कृषिवानिकी
- ✗ B. ग्रामीण वानिकी
- ✓ C. शहरी वानिकी
- ✗ D. फार्म वानिकी

Q.78 सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। H और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल G को T के ऊपर रखा गया है। F के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। E को S के नीचे किसी स्थान पर लेकिन U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
U के ऊपर तीसरा बॉक्स कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. T
- ✗ B. E
- ✗ C. G
- ✓ D. S

Q.79 एक कार पहले 80 km की दूरी 40 km/hr की चाल से और अगले 60 km की दूरी 30 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के दौरान औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 32 km/hr
- ✗ B. 37 km/hr
- ✓ C. 35 km/hr
- ✗ D. 40 km/hr

Q.80 निम्नलिखित बंटन की माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 120-170 | 170-220 | 220-270 | 270-320 | 320-370 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 22 | 37 | 10 | 30 | 27 |

Ans
- ✓ A. 240
- ✗ B. 242
- ✗ C. 256
- ✗ D. 250

Q.81 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. ZX–WU
- ✗ B. SQ–PN
- ✓ C. DB–ZA
- ✗ D. MK–JH

Q.82 खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा संस्करण, जो प्रतिभाशाली एथलीटों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करने के खेलो इंडिया मिशन का हिस्सा है, मार्च 2025 में नई दिल्ली में कितने डिसिप्लिनों (disciplines) में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. आठ
- ✗ B. चार
- ✓ C. छह
- ✗ D. दस

Q.83 संसद की लोक उपक्रम समिति के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ A. इसमें लोकसभा के 15 सदस्य होते हैं।
- ✗ B. इसका कार्यकाल एक वर्ष का होता है।
- ✓ C. इसमें कुल 30 सदस्य होते हैं।
- ✗ D. इसमें संसद के दोनों सदनों के सदस्य होते हैं।

Q.84 $286 \div \left[\frac{10}{5} \times \{10 + 7 - (8 + 9 - (6 + 7))\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16
- ✓ B. 11
- ✗ C. 10
- ✗ D. 12

Q.85 संख्या 933877 किससे विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 84
- ✗ B. 100
- ✗ C. 107
- ✓ D. 89

Q.86 यदि $x = 2$ है, तो व्यंजक $\frac{3(x + 7)}{2x - 1}$ का मान ज्ञात करें।

Ans
- ✗ A. $\frac{9}{2}$
- ✗ B. $\frac{27}{8}$
- ✗ C. $27$
- ✓ D. $9$

Q.87 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्म-समूह के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
PMO−MJL
OLN−LIK

Ans
- ✗ A. ROQ−NLM
- ✗ B. RNO−OLN
- ✗ C. RNO−NKM
- ✓ D. ROQ−OLN

Q.88 जल, पदार्थ की ________ अवस्थाओं में मौजूद हो सकता है।

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.89 विशाल मैदानों में उस क्षेत्र का क्या नाम है जहाँ गंगा और यमुना मिलती हैं?

Ans
- ✓ A. प्रयागराज
- ✗ B. कानपुर
- ✗ C. नई दिल्ली
- ✗ D. पटना

Adda247

Q.90 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ सब्ज़ियाँ, मेवे हैं।
सभी फल, मेवे हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ सब्ज़ियाँ, फल हैं।
(II) सभी मेवे, फल हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.91 यदि एक गोले के आयतन का उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल से अनुपात 7 cm है, तो गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $1664\pi\ cm^2$
- ✗ B. $1574\pi\ cm^2$
- ✗ C. $1724\pi\ cm^2$
- ✓ D. $1764\pi\ cm^2$

Q.92 निम्नलिखित में से कौन-से सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड के बीच अभिक्रिया के उत्पाद नहीं हैं?

i. $BaSO_4$
ii. NaCl
iii. $Na_2SO_4$

Ans
- ✓ A. केवल iii
- ✗ B. केवल i
- ✗ C. केवल ii
- ✗ D. केवल i और ii

Q.93 भारत में व्यापारिक केंद्र स्थापित करने वाली पहली यूरोपीय शक्ति कौन-सी थी?

Ans
- ✗ A. फ्रेंच
- ✗ B. डच
- ✗ C. ब्रिटिश
- ✓ D. पुर्तगाली

Q.94 मनप्रीत ₹8,550 की राशि 7% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्षों के लिए साधारण ब्याज पर का निवेश करती है। मनप्रीत को प्राप्त मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,795.50
- ✓ B. 10,345.50
- ✗ C. 10,050.50
- ✗ D. 10,500.50

Q.95 औद्योगिक नीति संकल्प 1956 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
कोई भी नया उद्योग सरकारी लाइसेंस के बिना संचालित नहीं हो सकता।
इस नीति का उद्देश्य पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिक वृद्धि को बढ़ावा देना था।
पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों को कर लाभ और कम दर पर बिजली जैसी कुछ रियायतें दी गईं।

Ans
- ✗ A. केवल कथन c सत्य है।
- ✓ B. कथन a, b और c सभी सत्य हैं।
- ✗ C. केवल कथन b सत्य है।
- ✗ D. केवल कथन a सत्य है।

Q.96 भारत में ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं के धीमे कार्यान्वयन का कारण क्या है?

Ans
- ✗ A. ग्रामीण क्षेत्रकों में अत्यधिक विदेशी निवेश
- ✗ B. निजी क्षेत्र के वित्तपोषण पर अत्यधिक निर्भरता
- ✗ C. अवसंरचना विकास के लिए सरकारी सहायता का अभाव
- ✓ D. भूमि अधिग्रहण में कठिनाइयाँ और नौकरशाही विलंब

Q.97 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 B 3 C 6 A 2 D 5 B 2 = ?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 42
- ✓ C. 35
- ✗ D. 45

Q.98 भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस संशोधन द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया?

Ans
- ✓ A. 44वाँ संशोधन अधिनियम, 1978
- ✗ B. 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976
- ✗ C. 86वाँ संशोधन अधिनियम, 2002
- ✗ D. 25वाँ संशोधन अधिनियम, 1971

Q.99 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 28 और 29 जुलाई 2025 को ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किस मिसाइल के लगातार दो सफल उड़ान परीक्षण किए?

Ans
- ✗ A. ET-LDHCM
- ✗ B. पृथ्वी-II
- ✓ C. प्रलय
- ✗ D. अग्नि-I

Q.100 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. NQ – RU
- ✓ B. DG – IJ
- ✗ C. PS – TW
- ✗ D. HK – LO

Adda247